
# मैहर में तीसरे दिन 89 हजार से अधिक भक्तों ने किए मां शारदा देवी के दर्शन



**सतना/मैहर।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर मैहर स्थित मां शारदा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नवरात्रि के तीसरे दिन शनिवार को देशभर से पहुंचे भक्तों ने पूरे उत्साह और आस्था के साथ माता के दर्शन किए। प्रशासन द्वारा की गई चाक-चौबंद सुरक्षा एवं सुगम व्यवस्था के चलते दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। सीढ़ी मार्ग सहित सभी मार्गों पर व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहीं,जिससे भक्तों ने सहज रूप से माता के दर्शन किए। शनिवार को 89 हजार 936 श्रद्धालुओं ने मां शारदा देवी के दर्शन किए। इनमें से 79 हजार 413 श्रद्धालु पैदल मार्ग,1 हजार 323 वैन मार्ग तथा 3 हजार 200 श्रद्धालु रोपवे मार्ग से मंदिर पहुंचे। नवरात्रि पर्व के चलते मंदिर परिसर में लगातार भक्तों की भीड़ बनी हुई है। प्रशासन एवं मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं,जिससे श्रद्धालु शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से माता के दर्शन कर सकें।

## खबर संक्षेप

### चित्रकूट में राम नवमीं पर गौरव दिवस के आयोजन

**सतना।** चित्रकूट के पवित्र धाम में राघव प्रयाग घाट पर इस वर्ष राम नवमी के अवसर पर गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा। मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए कलाकार अपनी शानदार प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम में लोक परंपराओं और धार्मिक भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। लोक गायन (बघेली) की प्रस्तुति स्नेहा मिश्रा मऊगंज द्वारा दी जाएगी, जबकि श्रीराम केंद्रित नृत्य नाटिका का मंचन तरुणा सिंह ग्वालियर करेंगी। इसके अलावा भक्ति गायन की प्रस्तुति श्री शर्मा बंधु उज्जैन द्वारा दी जाएगी।

### राज्यमंत्री ने सुनी आमजनों की समस्यायें

**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र कार्यालय सतना में आयोजित जनता दरबार में जिले की आम जनता एवं अन्य गणमान्य नागरिक द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं से रूबरू हुईं। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी द्वारा समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभाग से आये अधिकारियों द्वारा कराया गया और जिन समस्याओं का निराकरण शासन स्तर पर किया जाना है। उसके लिये प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिये गए।

### जिला सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक 26 मार्च को

**सतना।** अनुसूचित जाति,जनजाति अत्याचार अधिनियम 1989 एवं अत्याचार निवारण नियम संशोधित 2016 के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सतना डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 26 मार्च 2026 को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित गई है। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि बैठक में अधिनियम 1989 के अंतर्गत नियम 1995 संशोधित 2016 के तहत विभिन्न उपबंधों के तहत विभिन्न श्रेणी के प्रकरण स्वीकृत और भुगतान राशि,विभिन्न श्रेणी के पीड़ितो को स्वीकृत एवं भुगतान राशि,अधिनियम के उपबंधो के क्रियान्वयन के लिये जिम्मेदार अधिकारियों एवं अभिकरणों की भूमिका के संबंध में,विशेष न्यायालय में अधिनियम के अंतर्गत विचाराधीन एवं निराकृत मामलों एवं पुलिस में दर्ज प्रकरण और अनुसंधान में लंबित मामलों के संबंध में चर्चा की जायेगी।

#### अमन और भाईचारे की दुआओं के साथ सतना में मनाई गई ईद-उल-फितर

# मस्जिदों और ईदगाहों में उमड़ी नमाजियों की भीड़, गले मिल दी एक-दूसरे को मुबारकबाद







सतना

रमजान के पाक महीने के समापन पर शनिवार को शहर में ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास और अकीदत के साथ मनाया गया। शहर की 23 मस्जिदों और ईदगाहों में सुबह से ही नमाजियों का सैलाब उमड़ पड़ा। खुदा की बारगाह में सिर झुकाकर नमाजियों ने मुल्क में अमन-चैन,खुशहाली और आपसी भाईचारे के लिए दुआएं मांगीं।

### समय पर हुई नमाज,गूंजी अल्लाह की इबादत

शहर की विभिन्न मस्जिदों में नमाज के लिए अलग-अलग समय निर्धारित किया गया था। ईदगाह मस्जिद व मदरसा अनवारुल उलूमः सुबह 8:30 बजे,जामा मस्जिद चिकानेः सुबह 8:15 बजे, मरकज मस्जिदः सुबह 8 बजे मस्जिद अल-हाफिजः सुबह 7:30 बजे,मक्का मस्जिदः सुबह 7:15 बजे,इनके अलावा बरकाती,नूरी और नूरानी मस्जिदों में भी बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने नमाज अदा की।

### गंगा-जमुनी तहजीब की दिखी मिसाल

नमाज के बाद मस्जिदों के इमामों ने विशेष दुआ कराई।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ईद का पर्व प्रेम और शांति का संदेश देता है।इबादत खत्म होते ही चारों तरफ 'ईद मुबारक' की गूंज सुनाई देने लगी। लोग एक-दूसरे के गले मिले और मिठाइयां बांटकर खुशियां साझा कीं। ईदगाह मस्जिद के बाहर एकता और सौहार्द का नजारा देखने को मिला।विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा,पूर्वमंत्री सईद अहमद,शहर कांग्रेस अध्यक्ष इकबाल सिद्दीकी,भाजपा नेता मनीष तिवारी,रविन्द्र सिंह सेठी और सपा नेता राजेश दुबे सहित कई समाज सेवियों ने मुस्लिम भाइयों को गले लगाकर मुबारकबाद दी।

### प्रशासनिक सतर्कता और चाक-चौबंद सुरक्षा

त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस और एसपी हंसराज सिंह ने सुबह से ही फोर्स के साथ विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। संवेदनशील इलाकों और मस्जिदों के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा। नमाजियों की सुविधा के लिए साफ-सफाई और पानी के टैंकरों के पुख्ता इंतजाम किए गए।

# सतना-मैहर कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकीः ई-मेल भेजने वाले की तलाश में जुटीं देश की दिग्गज जांच एजेंसियां



**सतना।** सतना और मैहर की अदालतों सहित जजों के चेंबर को 'जहरीले बमों' से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। शुक्रवार को आए इस सनसनीखेज ई-मेल के बाद से पूरे प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। हालांकि,प्रारंभिक जांच और सर्च ऑपरेशन में अब तक कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है,लेकिन सुरक्षा के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है।

### सुबह 5:34 पर आया था 'खौफनाक' मेल

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार तड़के 5:34 बजे अदालत के आधिकारिक ईमेल पते पर एक संदेश प्राप्त हुआ। अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा भेजे गए इस मेल में दावा किया गया था कि अदालत परिसर और जजों के चेंबर में 15 जहरीले बम लगाए गए हैं,जो दोपहर 1 बजे ब्लास्ट होंगे। सूचना मिलते ही सतना और मैहर पुलिस सक्रिय हो गई और गोपनीय तरीके से सघन तलाशी अभियान चलाया गया।

### रडार पर आइपी एड्रेस,आईबी भी हुई सक्रिय

नगर पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह ने शनिवार को मामले की गंभीरता स्पष्ट करते हुए बताया कि ई-मेल भेजने वाले का सुराग लगाने के लिए अब देश की बड़ी सुरक्षा एजेंसियां मैदान में उतर चुकी हैं। इंटेलिजेंस ब्यूरो और अन्य खुफिया एजेंसियां इस मामले की तह तक जाने में जुटी हैं। आईपी एड्रेस को ट्रैक किया जा रहा है ताकि ई-मेल के ओरिजिन (स्रोत) का पता लगाया जा सके। पूरे प्रकरण की गहराई से जांच के लिए एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया है।

### अलर्ट मोड पर सुरक्षा एजेंसियां

पुलिस का कहना है कि हालांकि निर्धारित समय बीत जाने के बाद कोई अनहोनी नहीं हुई,लेकिन इसे महज अफवाह मानकर टाला नहीं जा रहा है। जांच एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं और अदालतों की सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया है।फिलहाल पुलिस उस अज्ञात शख्स की तलाश में जुटी है जिसने इस दुस्साहसपूर्ण कृत्य से कानून व्यवस्था को चुनौती दी है।

# मानवता की मिसाल,मां शारदा मंदिर में पुलिसकर्मी ने बचाई श्रद्धालु की जान



**मैहर।** प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां शारदा देवी मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे एक श्रद्धालु के साथ अचानक अनहोनी होते-होते बची। मंदिर परिसर में भीड़ के बीच एक श्रद्धालु अचानक चक्कर खाकर बेहोश होकर गिर पड़ा। श्रद्धालु को गिरता देख वहां सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी ने बिना देरी किए तत्परता दिखाई। पुलिसकर्मी ने तुरंत मौके पर पहुंचकर श्रद्धालु को संभाला और उसे भीड़ से हटाकर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। समय पर मिली इस मदद और पुलिस की सक्रियता के कारण श्रद्धालु की हालत में सुधार हुआ और उसे बड़ी राहत मिली। मंदिर परिसर में मौजूद अन्य लोगों ने पुलिसकर्मी के इस मानवीय व्यवहार की सराहना की है।

# फ्लाईओवर पर अनियंत्रित होकर पलटा ऑटो, चालक गंभीर रूप से घायल

सतना।

शहर के फ्लाईओवर पर आज एक सड़क हादसा हो गया,जहां तेज रफ्तार के कारण एक ऑटो अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। इस दुर्घटना में ऑटो चालक को गंभीर चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,ऑटो की गति काफी तेज थी,जिसके कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस को सूचना दी गई। घायल चालक को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहां उसका इलाज जारी है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।





### ईदगाह में नमाजियों का स्वागत

**सतना।** ईद के मौके पर स्थानीय ईदगाह और सुन्नी जामा मस्जिद में ईद की नमाज अता कर वापस लौट रहे नमाजियों का वरिष्ठ भाजपा नेता समाजसेवी मनीष तिवारी ने गले मिलकर स्वागत किया,तथा उन्हें ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर मनीष तिवारी ने कहा की ईद का त्यौहार हमें आपसी सामंजस्य, भाईचारे और खुशहाली का पैगाम देता है। रमजान की समाप्ति पर मीठी सेवइयों की मिठास लिए आया ईद का त्यौहार हमारे देश,प्रदेश,समाज और शहर के लिए उन्नतशील और उत्साहवर्धक हो यही कामना है।



# झूलेलाल जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा का रेलवे स्टेशन मुख्य मार्ग पर किया गया स्वागत व प्रसाद वितरण

मैहर।

भारतीय हिदू नववर्ष,चैत्र नवरात्रि और झूलेलाल जयंती के पावन अवसर पर गुरुवार को मैहर नगर में श्रद्धा, उल्लास और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर झूलेलाल जयंती की शोभायात्रा सिधी धर्मशाला से बाजार क्षेत्र से होते हुए रेलवे स्टेशन मुख्य मार्ग से भव्य रूप से निकाली गई, जिसमें सिधी समाज सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान जनपद पंचायत मैहर की सभापति प्रिया प्रभात द्विवेदी (दद्दा) के अगुवाई में रेलवे स्टेशन मुख्य मार्ग पर श्रद्धालुओं का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया,जिसमें राहगीरों और शोभायात्रा में शामिल लोगों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में सिधी पंचायत अध्यक्ष ईश्वर दास हिरवानी,पूर्व अध्यक्ष महेश दरियानी तथा समाज के अन्य पदाधिकारियों का नगर कांग्रेस के अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी दद्दा द्वारा विशेष सम्मान किया गया। स्वागत के दौरान सभी अतिथियों को मां शारदा का दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया तथा भगवान झूलेलाल के चित्र पर माल्यार्पण कर पर्व की शुभकामनाएं दी गईं।

# वेद विद्यालय में मनाया गया सूर्योपासना पर्व सम्राट विक्रमादित्य के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को रेखांकित किया गया



**मैहर।** नव संवत्सर के पावन अवसर पर मैहर में विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सूर्योपासना,ध्वज पूजन एवं छायाचित्र प्रदर्शनी जैसे आयोजन संपन्न हुए,वहीं सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित प्रेरणादायक नाटक का मंचन भी किया गया जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वेद विद्यालय के आचार्यों एवं विद्यार्थियों द्वारा वेद मंत्रोच्चार के साथ किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने प्रकृति के संरक्षण,भारतीय संस्कृति की महत्ता तथा नव संवत्सर के वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक पक्षों पर प्रकाश डालते हुए सम्राट विक्रमादित्य के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को भी रेखांकित किया। संस्कृति विभाग एवं विश्वगीता प्रतिष्ठान के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में वेद विद्यालय में सूर्योपासना पर्व गरिमामय तरीके से संपन्न हुआ। इसके पश्चात एकलव्य विद्यालय के ऑडिटोरियम में सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित नाटक का मंचन किया गया,जिसका निर्देशन विपुल सिंह गहरवार ने किया। कलाकारों के सशक्त अभिनय ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।कार्यक्रम का सारगर्भित एवं प्रभावी संचालन उद्बोधनकर्ता राज लल्लन मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं,शिक्षक एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# गिरगिटा मार्ग पर कृषि भूमि को 'प्लॉट' बताकर बेचने का बड़ा खेल

#### प्रशासन मौन, मैहर में भू-माफियाओं का तांडव

**मैहर। मैहर मां शारदा की नगरी मैहर में इन दिनों भू-माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। प्रशासन की नाक के नीचे गिरगिटा मार्ग पर बेशकीमती कृषि भूमि को अवैध रूप से काटकर प्लाटिंग का काला कारोबार धड़ल्ले से फल-फूल रहा है। बिना किसी वैध अनुमति और सरकारी नियमों को ताक पर रखकर किए जा रहे इस खेल से शासन को लाखों रुपये के राजस्व की चपत लग रही है।**

### बिना डायवर्सन और रेरा के बेची जा रही जमीन

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार,गिरगिटा मार्ग स्थित अवैध प्लाटिंग का जाल बिछाया गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस कृषि भूमि का कोई डायवर्सन (व्यपवर्तन) नहीं कराया गया है। कॉलोनी काटने के लिए आवश्यक 'कालोनाइजर लाइसेंस' भी संबंधित पक्षों के पास नहीं है। बिना रेरा रजिस्ट्रेशन के ग्राहकों को गुमराह कर प्लॉट बेचे जा रहे हैं। मौके पर बुनियादी सुविधाओं का नामोनिशान नहीं है। माफियाओं द्वारा ग्राहकों को लुभाने के लिए सुनहरे सपने तो दिखाए जा रहे हैं,लेकिन हकीकत कागजों पर सुविधाएं,धरातल पर शून्य। यह भी बताया जा रहा है कि न तो ग्रीन एरिया छोड़ा गया है और न ही वृक्षारोपण की व्यवस्था है। नियमों की धज्जियाँ उड़ाकर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के नियमों के विरुद्ध पार्क और मंदिर के लिए कोई भूमि आरक्षित नहीं की गई है। इसी तरह क्षेत्र में बिजली के खंभे,व्यवस्थित सड़कें,नालियां और सुरक्षा बाउंड्री वॉल जैसी मूलभूत जरूरतें पूरी तरह नदारद हैं।

### नगर पालिका और राजस्व विभाग की 'रहस्यमयी' चुप्पी

इस कृषि भूमि के संबंध में क्षेत्रीय नागरिकों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि राजस्व विभाग और नगर पालिका परिषद के अधिकारी इस पूरे मामले में 'मूकदर्शक' बने हुए हैं। बिना डायवर्सन के कृषि भूमि को आवासीय बताकर बेचना सीधे तौर पर धोखाधड़ी है। चर्चा है कि माफियाओं की प्रशासनिक सांठगांठ के चलते सरकारी टैक्स सरकारी खजाने में जाने के बजाय माफियाओं की जेबों में जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

### 30 दिनों तक रमजान के रोजा के बाद खुशी का दिन आया ईद



**पवई।** देश प्रदेश के साथ पवई नगर में आज ईद उल फितर का पर्व बहुत खुशी हर्सोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सुबह कन्या शाला के पास स्थित बढ़ी मस्जिद में नमाजियों द्वारा ईद की नवाज अदा की गई। 30 दिन तक चलने वाले रमजान शरीफ के रोजों के बाद ईद का पर्व मनाया जाता है। इस इस दौरान मस्जिद में नमाज अदा करने के बाद सभी ने एक दूसरे को गले लगा कर ईद की बधाई दी इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा। बता दें कि ईद का पर्व भाईचारे आपसी सौहार्द और खुशी का संदेश देता है इस ईद को मीठी ईद के नाम से भी जाना जाता है।

### अलसुबह से माता रानी को जल ढारने पहुंच रहे भक्त, भजन- कीर्तन का दौर भी शुरू



**पन्ना।** चौत्र नवरात्र का पर्व शाहनगर मुख्यालय सहित देवरी आमा बोरी बिसानी टिकरिया आदि अंचलों भर में उल्लासमय वातावरण में मनाने की शुरूआत हुई। सुबह से ही देवी मंदिरों में घंटी की आवाज सुनाई देने लगी। भक्तों ने अपने घर और स्थानिय केन नदी में स्नान कर जल्द ही देवी मंदिर पहुंचकर जल ढारने पहुचने लगे। नौ दिनों तक मंदिरों में इसी तरह रोजाना उत्सवी धर्ममय वातावरण रहेगा। इसी के साथ ही भक्तों ने नौ दिन का उपवास रखकर पूजा अर्चना शुरू कर दी है। चौत्र नवरात्र को लेकर पहले से ही मंदिरों और घरों में भक्तों के द्वारा तैयारी कर ली गई है। देवी की आराधना के लिए विशेष तैयारी की गई। कस्बा की बडी माई, खेर माता, अर्धकंवारी देवी मंदिर, सजे हुए हैं। सुबह से दोपहर तक मंदिरों में भीड़ भाड़ बनी रही। इसके बाद दोपहर से शाम तक मंदिरों में भीड़ छंट गई। इसके बाद देर शाम से फिर मंदिरों भक्तों का पहुंचना प्रारंभ हो गया। जो देर रात तक देवी दर्शन को पहुंचते रहे।

### देवेंद्रनगर में इंडेन गैस की व्यवस्था पर गंभीर आरोप जिसने बुक नहीं किया, उसके नाम पर डिलीवरी

**देवेन्द्रनगर।** देवेंद्रनगर में इंडेन गैस की व्यवस्था पर गंभीरआरोप जिसने बुक नहीं किया, उसके नाम पर डिलीवरी कैसे लोगों को गैस लेने के लिए कई घंटे तक लाइन में लगकर इंतजार करना पड़ रहा है। मुकेश कुमार खरे ने गुरुवार को दोपहर 1 बजे देवेंद्रनगर इंडेन गैस के कर्मचारियों के द्वारा वितरण पर कालाबाजारी के गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि मेरी मम्मी के उपभोक्ता नंबर से बिना गैस बुक किए ही उसके नाम पर सिलेंडर बुक और डिलीवर दिखा दिया गया, जबकि उसे गैस मिली ही नहीं। पीड़ति मुकेश कुमार खरे के अनुसार, 25 तारीख को अचानक बुकिंग का मैसेज आया और 5 तारीख को डिलीवरी दिखा दी गई। हैरानी की बात यह है कि सिलेंडर किसी और को दे दिया गया, जबकि उनके खाते में सब्सिडी भी पहुंच गईकृयानी कागजों में सब "सही", जमीन पर सब "गायब"। सवाल यह है कि बिना बुकिंग डिलीवरी कैसे? और सिलेंडर गया कहां? एक ओर प्रशासन कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की बात कर रहा है, वहीं दूसरी ओर ऐसे आरोप सिस्टम की हकीकत पर सवाल खड़े कर रहे हैं। अब नजर प्रशासन पर-कार्रवाई होगी या मामला ठंडे बस्ते में जाएगा? देवेंद्र नगर स्थित इंडेन गैस एजेंसी संचालक के रवैए को लेकर भी आमजन में खासा रोष देखा जा रहा है। ग्राहकों से अभद्रता करना परेशान करने के किस्से पूरे नगर में बड़े चाव से सुने और कहे जाते रहे है। अब इस कठिन दौर में इसी रवैए के कारण अंदेशा है कि आने वाले समय में कोई बड़ा जन आंदोलन जरूर हो सकता है।

## जिले भर में सांप्रदायिक सद्भाव के साथ मनाई गई ईद

# ईद पर नमाज़ के बाद गले मिलकर दी मुबारकबाद









### हजारों लोगों ने देश में अमन और चौन की मांगी दुआ

**पन्ना।** जिले भर में आज ईद का त्यौहाद उत्साह के साथ मनाया गया। ईद के मौके पर इस बार लोगों में अलग ही उत्साह देखने को मिला। पवित्र माह रमजान में की गई इबादत के ईनाम के रूप में लोगों को ईद का मुबारक दिन नसीब होता है। सभी ने मिलकर धूमधाम के साथ ईद का त्यौहार मनाया। ईद के दिन सुबह-सुबह लोग नई-नई पोशाकों में नजर आये। खुशनुमा मौहाल में हजारों लोगों ने पूरी अकीदत और एहतराम के साथ ईद-उल-फितर की नमाज अदा की। इस विशेष नमाज के दौरान शहर की मस्जिदों में देश की खुशहाली और अमन के लिये हजारों लोगों ने दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद के मौके पर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। पराम्परागत पोशाकों में सजे बच्चों ने भी बड़ों के साथ मिलकर ईद की खुशियां बांटी। हर बार की तरह इस बार भी मुस्लिम भाईयों को ईद की बधाई देंने सभी वर्गों, समुदायों के लोग पहुंचे और एक दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी। जिले भर में सांप्रदायिक सौहार्द के साथ ईद का त्यौहार मनाया गया। ईद के मौके पर शहर की बादशाह सांई मस्जिद और ईदगाह में हजारों लोग एक साथ ईद की नमाज अदा करते नजर आए। शहर की सबसे बड़ी मस्जिद बादषाह सांई में 9:30 बजे इमाम मुफ्ती अख्तर रजा साहब ने ईद की नमाज पढ़ाई। शहर की ईदगाह मस्जिद में सुबह 8:30 बजे इमाम मौलाना सिराजुल हसन ने नमाज पढ़ाई। इसी तरह सुबह 9 बजे जमा मस्जिद मरकस किशोरगंज में मौलाना मोईज्जोद्दीन नदवी ने नमाज पढ़ाई। देर रात हुई बारिश के चलते सुबह निर्धारित समय में बदलाव किया गया, जिसके बाद कुछ देरी से नमाज अदा की गई। मस्जिदों में सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतेजाम थे। शहर कमेटी ने प्रषासन को व्यवस्थाओं के लिए धन्यवाद दिया। इसके अलावा जिले के देवेन्द्रनगर, शाहनगर, बोरी, पवई, अमानगंज, मोहन्द्रा, सिमरिया, रैपुरा, कुंवरपुर, सुनवानी, हरदी, तुलापुर, कटर्रा, महेवा, कृष्णगढ़, बिरसिंहपुर, सलेहा, भटिया, गुनौर, ककरहटी, अजयगढ़, बरौली, अमरछी में भी ईद-उल-फितर का त्यौहार उत्साह के साथ मनाया गया।

### सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाई गई ईद-

ईद के मौके पर नमाज के बाद शहर की तीनों मस्जिदों में देश में अमन-चौन व खुशहाली की दुआ की गई। इसके बाद लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी। ईद नमाज के बाद पुराने पावर हाउस चौराहे पर नगर पालिका की ओर से सभी को मुबारकबाद दी गई। इसके अलावा ब्लाक कांग्रेस कमेटी पन्ना की अध्यक्ष रमा मार्तण्ड देव बुंदेला के साथ कांग्रेस नेता मस्जिद के पहुंचे और नमाज के बाद गुजरने वाले लोगों को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे, कांग्रेस अध्यक्ष अनीस खान, शिवजीत सिंह भईयाराजा, महेन्द्र दीक्षित, दीपक तिवारी, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता उपस्थित रहे। शहर में शांति और सौहार्द के साथ ईद का त्यौहार मनाया गया। शहर सदर रिजवान मोहम्मद एवं शहर काजी मौलाना मोईज्जोद्दीन ने सभी को ईद की मुबारकबाद दी और सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने को लेकर जिला प्रशासन का आभार जताया।

## अजयगढ़ में ईद-उल-फितर की नमाज अकीदत और मोहब्बत के साथ अदा की गई

### देश में अमन-चौन, खुशहाली और भाईचारे की मांगी गई दुआ

**अजयगढ।** अजयगढ़ में ईद-उल-फितर का पवित्र त्योहार बड़े उत्साह और सद्भाव के साथ मनाया गया। जामा मस्जिद नूरानी मस्जिद व ख्वाजा गरीब नवाज मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में सुबह ईद की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद खुसुशी के साथ दुआएं मांगी गईं, जिसमें देश की तरक्की, अमन-चौन, भाईचारा और समृद्धि की कामना की गई। नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद मुबारक की बधाई दी। इसके पश्चात हजरत रमजान शाह बाबा की दरगाह में हाजिरी लगाई गई, फातिहा पढ़ी गई और दुआएं मांगी गईं। कब्रिस्तान पहुंचकर मरहूमों के लिए इसाल-ए-सवाब किया गया। बाद में लोग एक-दूसरे के घरों में जाकर सिवैयां (सेवईं) खाकर ईद की खुशियां मनाईं। इस पूरे आयोजन के दौरान



राजस्व विभाग तहसीलदार सुरेंद्र कुमार नायब तहसीलदार डीआर अहिरवार सदर पटवारी और पुलिस विभाग से थाना प्रभारी हरिसिंह ठाकुर अपने अमले के साथ सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद रहे। प्रशासन द्वारा की गई पुख्ता व्यवस्था की मुस्लिम समाज ने सराहना की और



सभी अधिकारियों-कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। यह ईद का उत्सव अजयगढ़ में सद्भाव, एकता और आपसी प्रेम का खूबसूरत संदेश लेकर आया, जो पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक रहा।

## पति की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने रखा गणगौर तीज का व्रत



**अमानगंज।** क्षेत्र में गणगौर तीज का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं एवं युवतियों ने अपने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और दांपत्य जीवन की खुशहाली के लिए व्रत रखा। सुबह से ही महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। उन्होंने स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण किए और विधि-विधान से माता गणगौर (माता पार्वती) एवं भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। घरों एवं मंदिरों में विशेष सजावट की गई और गणगौर की प्रतिमाओं को आकर्षक रूप से सजाया गया। महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाते हुए पूजा की तथा सुहाग की सामग्रियां अर्पित कीं। कई स्थानों पर समूह बनाकर महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। व्रत के दौरान दिनभर निर्जला या फलाहार रहकर नियमों का पालन किया गया। शाम के समय महिलाओं ने गणगौर माता की विदाई करते हुए जल में विसर्जन या प्रतीकात्मक विदाई की रस्म निभाई। इस दौरान पूरे वातावरण में भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा। गणगौर तीज का यह पर्व भारतीय संस्कृति में दांपत्य जीवन की मजबूती और अटूट विश्वास का प्रतीक माना जाता है, जिसे हर वर्ष बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है।

## श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन ध्रुव चरित्र और द्रौपदी पुत्र वध प्रसंग सुन भावुक हुए श्रद्धालु





**पन्ना।** ऐतिहासिक नगर पन्ना के आराध्य श्री जुगुल किशोर जी मंदिर प्रांगण में आयोजित भव्य श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास चित्रकूट धाम से पधारे परम पूज्य श्री भरत जी महाराज ने अपनी अमृतमयी वाणी से कथा का रसपान कराते हुए भक्ति और वैराग्य के मर्म को समझाया। कथा के मुख्य यजमान श्रीमती कुसुम रावत एवं श्री रूप नारायण रावत ने व्यास पीठ का विधिवत पूजन-अर्चन कर दूसरे दिन की कथा का शुभारंभ किया। कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए महाराज श्री ने महाभारत काल के उस मार्मिक प्रसंग का वर्णन किया, जब अश्वत्थामा ने द्रौपदी के पाँचों पुत्रों की सोते समय निर्मम हत्या कर दी थी। महाराज जी ने बताया कि विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य और क्षमा का मार्ग अपनाना ही वास्तविक धर्म है, जैसे माता द्रौपदी ने पुत्रहंता को भी क्षमा कर अपनी महानता का परिचय दिया। द्वितीय दिवस की कथा के मुख्य आकर्षण में श्ध्रुव चरित्रश का व्याख्यान हुआ। श्री भरत जी महाराज ने बताया कि मात्र पाँच वर्ष की अल्पायु में बालक ध्रुव ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और अटूट भक्ति से साक्षात भगवान नारायण को प्रसन्न कर लिया था। उन्होंने संदेश दिया कि यदि मनुष्य के भीतर संकल्प शक्ति हो, तो ईश्वर की प्राप्ति कठिन नहीं है। ध्रुव का चरित्र हमें सिखाता है कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए सांसारिक मोह को छोड़कर भक्ति का मार्ग चुनना चाहिए। कथा के दौरान भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। मंदिर प्रांगण ष्जय श्री कृष्णाष और ष्जुगुल किशोर सरकार की जयष के जयघोष से गुंजायमान रहा। आयोजन समिति और रावत परिवार ने क्षेत्र के धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## बजट सत्र में फिर उठे पवई विधानसभा के मुख्य कार्यों की गूंज





### पवई विधायक ने कार्यों को शीघ्र पूरा कराने की मांग की

**पवई।** बीते दिनों मध्य प्रदेश 16 वीं विधानसभा का बजट सत्र 16 फरवरी से 6 मार्च तक आयोजित हुआ, जिसमें मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए वार्षिक बजट को लेकर विभिन्न कार्य,विकास कार्यों की स्वीकृति को लेकर विधायकों द्वारा अपनी अपनी बातें रखी। सत्र के दौरान एक बार फिर विधानसभा में पवई क्षेत्र के मुख्य विकास कार्यों की आवाज पवई विधानसभा 58 के लोकप्रिय विधायक प्रहलाद लोधी के द्वारा उठाई गई। उन्होंने बजट को विकसित प्रदेश का बजट बताते हुए अपने सुझाव रखे। उन्होंने पवई विधानसभा के विभिन्न स्वीकृत कार्यों को लेकर प्रश्न उठाए। साथ ही उनको जल्द पूरा कराए जाने हेतु सदन के माध्यम से मांग की ,जिसमें कल्दा मैहर मार्ग जिसके बनने से दूरस्थ क्षेत्र का सीधे बड़े विकसित क्षेत्र से कनेक्टिविटी होगी,सिद्ध स्थल हनुमान भाटे का सड़क मार्ग, पवई नगर में मुख्य मार्ग से लेकर नगर के अंदर डिवाइडर बनाए जाने और मोहन्द्रा रैपुरा बहोरीबंद वाकल जबलपुर मार्ग की चौड़ीकरण के लिए भी बात रखी साथ ही उन्होंने कार्यों को लेकर मंत्री जी का धन्यवाद भी दिया।

## पन्ना में बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण, महीनों से खराब पड़े हैंडपंप, नल जल योजना भी बेअसर

**पन्ना के बडेरा गांव में पानी की समस्या से परेशान ग्रामीण, गांव में बंद पड़े हैंडपंप और पानी की टंकी, शिकायत पर नहीं कोई कार्रवाई**

**पन्ना।** गर्मियों का मौसम आते ही सूखा, पानी की किल्लत जैसी खबर देश के कोने-कोने से सुनने मिलती है. सरकार द्वारा चलाई जा रही कई योजनाओं के बाद भी कई गांवों में आज भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव देखने मिलता है। इसी तरह के कुछ हालात मध्य प्रदेश के पन्ना में देखने मिल रहे हैं. जहां नल-जल की पानी की टंकी महज शोपीस बनकर रह गई है। वहीं हैंडपंप भी खराब पड़े हैं। जिनकी कोई सुध लेने वाला नहीं है।

### पन्ना के गांव में पानी की समस्या-

पन्ना जनपद अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत धरमपुर के ग्राम बडेरा में ग्रामीण बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं. कई महीनों से वहां मौजूद 4 हैंडपंप खराब पड़े हैं। इसके अलावा नल-जल योजना द्वारा बिछाई गई पानी की पाइपलाइन और टंकी बंद पड़ी है। जो चालू ही नहीं हुई। ग्रामवासी पानी की सप्लाई पूर्ति के लिए एक निजी खेत से पानी लेने को मजबूर हैं, लिहाजा शासन की योजनाएं महज कागजों पर चल रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी नहीं हो रही सुनवाई।

### गांव में खराब पड़े चारों हैंडपंप, 14 पाइप डालने के बाद भी पानी नहीं-

ग्रामीण राहुल मिश्रा बताते हैं कि ष्कई महीनों से पानी की दिक्कत है. जिसकी शिकायत हम कई




बार कर चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई ही नहीं होती है। गांव में चार हैंडपंप है और चारों खराब पड़े हैं। जब मिस्त्री से सुधारने के लिए कहा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि जमीन का जलस्तर काफी नीचे पहुंच जाने से हैंडपंप भी काम नहीं कर रहे हैं। 14 पाइप डालने के बाद भी पानी नहीं आ रहा है। बड़वानी में नल-जल योजना फेल, 2 महीने से प्यासे होलगांव के ग्रामीण, गंदा पानी पीने को मजबूर 700 कुओं के बावजूद मांडव में जल संकट, सूखे की कगार पर पहुंचा जहाज महल निजी बोर के पानी से पूरे ग्रामीणों का गुजारा। अगर ज्यादा पाइप डालेंगे तो उसको चलाने में दिक्कत होगी, इसलिए हैंडपंप काम नहीं कर रहे हैं। जो नल जल के द्वारा गांव में पाइप लाइन डाली गई है व टंकी भी बनाई गई है, वह भी बंद पड़ी है। पेयजल पूर्ति के लिए हम लोग एक शख्स के निजी बोर से पानी की पूर्ति कर रहे हैं। मामले में संचित क्षेत्रपाल पीएचई मुख्य कार्यपालन अधिकारी से जब इस बारे में उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई तो उन्होंने अपने फोन का जवाब नहीं दिया. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयशंकर तिवारी ने बताया कि इस विषय का संज्ञान नहीं है. मैं तुरंत ही संबंधित अधिकारियों से बात करके समस्या का समाधान करने का प्रयास करता हूं।

### ईद की नमाज अदा, अमन-चैन और एकता की मांगी दुआ

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज नगर में ईद के पावन अवसर पर ईदगाह मस्जिद में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने एकत्र होकर ईद की नमाज अदा की। नमाज के बाद देश में अमन-चैन, भाईचारा और कौमी एकता के लिए विशेष दुआ मांगी गई।इस मौके पर शहर सदर बल्लू खान ने सभी नगरवासियों को ईद की मुबारकबाद देते हुए आपसी सौहार्द और एकता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार प्रेम, भाईचारे और इंसानियत का संदेश देता है, जिसे हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी और समाज में भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लिया। पूरे क्षेत्र में ईद का त्योहार हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। मामले की जानकारी शनिवार की दोपहर 12:00 बजे प्राप्त हुई।

**खबर संक्षेप**

### 16 लोगों पर 3 हजार 200 रुपये का जुर्माना

**कटनी।** नगर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु निगम प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार शाम नगर के जोन क्रमांक 1, 3, 4 एवं जोन क्रमांक 7 माधव नगर में चलाए गए अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित 16 व्यक्तियों पर कुल 3 हजार 2 सौ रुपये का जुर्माना लगाया गया। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निगम प्रशासन नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के के लिए दो शिफ्ट में निरंतर प्रयासरत है। इस दिशा में नागरिकों को बेहतर सफाई व्यवस्था मुहैया कराने के साथ ही स्वच्छता नियमों का पालन नहीं करने वालों पर स्पॉट फाइन की कार्यवाही करते हुए डस्टबिन का प्रयोग कर बेहतर सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने की कार्यवाही निरंतर जारी है। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखें एवं कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें, जिससे शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखने के प्रयासों को मजबूती मिल सके।

### फारेस्टर वार्ड में जल गुणवत्ता की जांच में नहीं मिली गड़बड़ी

**कटनी।** नगर निगम द्वारा जल आपूर्ति से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करते हुए फॉरेस्टर वार्ड में व्यापक निरीक्षण एवं गुणवत्ता जांच की गई। जयहिंद चौक से रंगनाथ मंदिर रोड के मध्य स्थित एक भवन में गंदे पानी की आपूर्ति की सूचना मिलने पर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर पहले वाल्व एवं कुछ नल कनेक्शनों की मरम्मत कराई गई, जिसके पश्चात आज बुधवार प्रातः 7 बजे से पुनः जल गुणवत्ता परीक्षण कराया गया। निर्देशानुसार प्रातः से ही जल प्रदाय शाखा के उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव एवं केमिस्ट मानेंद्रसिंह द्वारा जल प्रदाय की टीम के साथ पहुंचे।

## लवकुशनगर थाना प्रभारी एवं टीम ने 2 दिन में किया खुलासा

# गल्ला व्यापारी की लूट की घटना में 4 अंतर्राज्यीय लुटेरे गिरफ्तार

**छतरपुर।** जिले के थाना लवकुशनर की पठा चौकी अंतर्गत दो दिन पहले गल्ला व्यापारियों के साथ तीन लाख की हुई लूट का थाना लवकुशनगर टीआई और उनकी टीम ने खुलासा करतें हुए। 4 अंतर्राज्जीय लुटेरो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटी गई रकम वा कट्टा कारतुस भी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार बीते रोज महोबा मंडी से अनाज बिक्री कर आते समय अनाज व्यापारी विनय शिवहरे एवं उसके साथी इल्लु गुप्ता के साथ आरोपियों द्वारा लूट एवं चोट पहुंचाने संबंधी सूचना प्राप्त होते ही डायल 112 पुलिस टीम शीघ्र मौके पर पहुंची। घटना में घायल व्यक्ति को सर्वप्रथम आवश्यक उपचार हेतु चिकित्सालय पहुंचाया गया था। फरियादी पीड़ित की रिपोर्ट पर थाना लवकुश नगर में भारतीय न्याय संहिता की समुचित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु 7000 के इनाम की उद्घोषणा कर पुलिस टीम गठित की गयी थी, प्रकरण की मॉनिटरिंग निरंतर की जा रही थी। पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज सहित



एकत्रित भौतिक एवं तकनीकि साक्ष्य के अनुसार जिला महोबा, जिला हमीरपुर, जिला जालौन, जिला झांसी सहित विभिन्न स्थानों में दबिश दी गई। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना में सम्मिलित लूट की घटना एवं रेकी करने वाले चार आरोपियों राज वर्मा अहिरवार पिता नंदराम अहिरवार निवासी बजरिया मोहल्ला महोबा अयान खान पिता अयूब खान निवासी काशीराम कॉलोनी महोबा बबलू कुशवाहा उर्फ डेंजर पिता आसाराम कुशवाहा निवासी उदल चौक महोबा महेंद्र कुशवाहा पिता गया प्रसाद कुशवाहा निवासी उदल चौक महोबा को गिरफ्तार किया गया।

**अभियुक्तों से क्या क्या हुआ बरामद-**

अभियुक्तों के पास से लूटी गई राशि में से 90000 नगद राशि, खरीदे गए दो आईफोन, प्रयुक्त 12 बोर का देसी कट्टा एवं कारतूस पल्सर मोटरसाइकिल कुल कीमत करीब 300000 की संपत्ति बरामद की गई। उक्त घटना में सम्मिलित आरोपी अक्कन सहित अन्य की तलाश की जा रही है। विधिवत कार्यवाही की जा रही है।



उक्त त्वरित कार्यवाही के खुलासे में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले एवं एसडीओपी लवकुश नगर नवीन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लवकुश नगर निरी. अजय अंबे, चौकी प्रभारी पठा उनि श्याम बेन, उनि अजय शाक्य, थाना प्रभारी जुझारनगर उनि राजेंद्र सिंह, थाना प्रभारी प्रकाश बमोरी उनि सुमित सुमन, साइबर प्रभारी उनि नेहा गुर्जर, उनि ज्ञान सिंह, सउनि राम प्रकाश, प्रआर रामकृपाल, प्रआर अनीश, प्रआर सिद्धनाथ, आरक्षक सूरज, बलराम, पंकज, मंगल, रविंद्र, राहुल, मनोज, कमल, चंदन, हिरदेश, अनिल, साइबर से विजय, राजीव, धर्मराज, मयंक, महिला आरक्षक अपूर्वा की भूमिका रही।

## जिला अस्पताल में भर्ती, थाने में दर्ज हुई शिकायत

# खेत में शौच के दौरान हुए विवाद में



**छतरपुर।**

जिले के सरवई थाना अंतर्गत पड़रिया गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। गांव निवासी भैया राम केवट (62 वर्ष) अपने खेत में शौच क्रिया कर रहे थे, तभी पड़ोस में रखे भूसे के ढेर को लेकर विवाद हो गया। पड़ोसी मिड़वा अनुरागी ने आरोप लगाया कि भैया राम उनके भूसे की चोरी कर रहे हैं। इस शक के चलते अनुरागी ने लाठी-डंडों से उन पर जमकर हमला कर दिया। मारपीट इतनी तेज थी कि भैया राम गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें देर रात जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने सरवई थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ईद की नमाज के साथ दिया गया अमन-चैन का संदेश

# बड़ी ईदगाह में सामूहिक नमाज, एक-दूसरे को गले लगाकर दी मुबारकबाद, नेताओं ने भी दी बधाई



**छतरपुर।** छतरपुर की बड़ी ईदगाह में ईद-उल-फित्र की नमाज के साथ शहरवासियों ने खुशी और उल्लास के साथ त्योहार मनाया। ईदगाह में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्र हुए और सामूहिक नमाज अदा की। नमाज के दौरान अमन, चैन, भाईचारे और देश की खुशहाली के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और त्योहार की खुशियां बांटीं।

ईदगाह के बाहर पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष गगन यादव सहित कांग्रेस पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने मुस्लिम भाइयों को ईद की ढेर सारी मुबारकबाद दी और भाईचारे के इस पावन अवसर पर सद्भावना का संदेश दिया। इस मौके पर पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की।

पूरे कार्यक्रम में शांतिपूर्ण माहौल रहा और शहर में त्योहार का उत्साह छाया रहा। लोगों ने कहा कि ईद का यह त्योहार सिर्फ धार्मिक नहीं बल्कि सामाजिक एकता और आपसी प्रेम का प्रतीक है। छतरपुर में इस बार ईद ने एक बार फिर अमन-चैन और सद्भावना का मजबूत संदेश दिया।

### नगर की ईदगाह में अदा की गई ईद-उल-फितर की नमाज



**बड़ामलहरा।** मुस्लिम समुदाय पवित्र माह रमजान में तीस दिनों के रोजा और कुरान शरीफ कि तिलावत के बाद ईद-उल-फितर के अवसर पर नगर की ईदगाह में मुस्लिम समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर नमाज अदा की। इस अवसर पर हाफिज नमाज सिद्दीकी के द्वारा ईद की विशेष नमाज अदा कराई गई। नमाज के बाद सभी लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और देश में अमन, शांति और खुशहाली की दुआ मांगी। वही थाना प्रभारी श्रद्धा शुक्ला, पुलिस बल एवं राजस्व का अमला मौके पर तैनात रहा। इस मौक़े पर हाफिज़. अब्दुल गफ्फार खान, शेख रफीक मौलवी, हाजी मुकीम खान मुजीब खान, कमेटी सदर मेहबूब खान,कदीर खान,शफ़ीक बेग,इरफ़ान खान, रजा मुराद, गौस अहमद के साथ साथ मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

### नौगांव में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद का त्योहार



**नौगांव** में ईद का पर्व बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। छतरपुर रोड स्थित ईदगाह पर सुबह 8:30 बजे बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने एकत्रित होकर ईद की नमाज अदा की। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और भाईचारे का संदेश दिया। इसके पश्चात सुबह 9:30 बजे बिलहरी रोड स्थित रिसाला मस्जिद में भी नमाज अदा की गई, जहां देश में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी गई। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। पूर्व विधायक नीरज दीक्षित, एसडीओपी हर्ष राठौर, तहसीलदार रमेश कॉल, थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे, नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी, उपाध्यक्ष दौलत तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अंजुल सक्सेना, नगर कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप यादव सहित कई पार्षद और समाजसेवी कार्यक्रम में शामिल हुए।

### सटई में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद-उल-फितर



**सटई** नगर में ईद-उल-फितर का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह लगभग 9 बजे सैकड़ों मुस्लिम भाई बस स्टैंड स्थित ईदगाह में एकत्रित हुए, जहां जामा मस्जिद के मौलाना स्वालहीन रजा द्वारा ईद की नमाज अदा कराई गई। नमाज से पहले हाफिज ने नमाज पढने की विधि बताई तथा इमाम ने खुतबा पेश किया। नमाज के बाद मुल्क और शहर में अमन-चैन व खुशहाली के लिए विशेष दुआ मांगी गई। इस दौरान प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। नमाज के पश्चात लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और भाईचारे का संदेश दिया।

# कुएं में तेंदुए का शव मिलने के बाद वन विभाग को जांच में मिले कई जानवरों के कंकाल

**खेत मालिक वन विभाग की हिरासत में, विद्युत तार और खूंटी बरामद**

**छतरपुर।**

छतरपुर जिले के चंदला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बंसिया गांव में कालिया बाबा स्थान के निकट एक खेत पर बने बिना मुंडेर के कुएं में तेंदुए का शव मिलने के बाद वन विभाग ने गहन जांच शुरू की है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम आनन-फानन में मौके पर पहुंची। जिले के आला अधिकारियों के साथ खजुराहो और पन्ना टाइगर रिजर्व से विशेष टीम ने तेंदुए के शव को कुएं से बाहर निकाला। हालांकि दिन ढल जाने के कारण प्रोटोकॉल के अनुसार पोस्टमार्टम नहीं हो सका। डीएफओ ऋषि मिश्रा ने शनिवार सुबह अगली कार्रवाई के निर्देश दिए और तेंदुए के शव की सुरक्षा की जिम्मेदारी खजुराहो डिप्टी रेंजर नीलेश प्रजापति को सौंपी गई। पूरी रात खजुराहो डिप्टी रेंजर की निगरानी में वन पहरेदारों ने शव को खेत पर ही पहरे में रखा।

शनिवार सुबह डीएफओ ऋषि मिश्रा के निर्देशन पर पन्ना टाइगर रिजर्व से डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंची और सघन सर्चिंग शुरू की गई। सर्चिंग के दौरान खेत से सटी झाड़ियों में अन्य दो से तीन जानवरों के कंकाल बरामद हुए, जिससे मामला संदेह के दायरे में आ गया। जांच में खेत में ही करंट



फैलाने वाले विद्युत तार और खूंटियां भी मिली हैं। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बरामद कंकाल वन्य प्राणियों के हैं या पालतू जानवरों के।

खजुराहो डिप्टी रेंजर नीलेश प्रजापति ने बताया कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर खेत मालिक फूलचंद अग्निहोत्री को हिरासत में लिया गया है। कंकालों के सैंपल लेकर जांच के लिए जबलपुर भेज दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। फिलहाल खेत पर मिले विद्युत तारों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर खेत मालिक के खिलाफ पुख्ता कार्रवाई की जाएगी।

# मध्य प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रभारी हरीश चौधरी आज पन्ना में

### जिला समन्वय समिति की बैठक में होंगे शामिल

**पन्ना।**

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी राजस्थान विधानसभा के विधायक हरीश चौधरी प्रदेश का भ्रमण कर रहे हैं इसी कड़ी में वह आज 22 मार्च को पन्ना पहुंचेंगे उनका अंबेडकर चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा 11:00 बजे जोरदार स्वागत किया जाएगा।

तत पश्चात वह स्थानीय सर्किट हाउस में समन्वय समिति के सदस्यों की बैठक लेंगे तथा सभी सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश



देते हुए पार्टी को मजबूत करने से संबंध में विस्तार से चर्चा करेंगे जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीश खान ने समन्वय समिति के सभी सदस्यों से 11रू30 बजे स्थानीय सर्किट हाउस में उपस्थित होने का विशेष अनुरोध किया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री खान ने बताया कि 1- 30 बजे से इंद्रपुरी कॉलोनी स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में प्रभारी श्री चौधरी संगठनात्मक बैठक लेंगे। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह किया है।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**धुबेला के पास हादसाः पन्ना जा रहा युवक जिला अस्पताल में भर्ती, कार चालक फरार**



**छतरपुर।** शनिवार को नौगांव थाना क्षेत्र के धुबेला के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक आकाश दुबे (31), निवासी टहरौली जिला झांसी, बाइक से पन्ना की ओर जा रहा था। हादसे में युवक के हाथ में फ्रैक्चर हो गया और वह बुरी तरह घायल हो गया। टक्कर के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत युवक की मदद की और उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टरों के अनुसार युवक की हालत फिलहाल स्थिर है और वह खतरे से बाहर बताया जा रहा है। पुलिस ने हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। नौगांव थाना पुलिस फरार कार चालक की तलाश में जुटी हुई है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज तथा गवाहों के बयानों के आधार पर कार्रवाई कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

# देवेंद्रनगर में अजय सिंह राहुल भैया का कांग्रेसियों ने किया जोरदार स्वागत, बुंदेलखंड समन्वय यात्रा पहुंची अंतिम पड़ाव पर

**देवेन्द्रनगर।**

बुंदेलखंड समन्वय यात्रा के तहत पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह (राहुल भैया) के देवेंद्रनगर पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह उनका भव्य स्वागत किया। यात्रा के दौरान नगर में कई स्थानों पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं व शाल-श्रीफल से उनका अभिनंदन किया। यात्रा की शुरुआत देवेंद्रनगर से पहले बड़ा गांव स्थित रेस्ट हाउस से हुई, जहां धीरेंद्र सिंह परमार के नेतृत्व में अजय सिंह राहुल भैया का भावपूर्ण स्वागत किया गया। इसके बाद पन्ना रोड पर भक्ति राइस मिल के सामने भक्ति कुशवाहा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। तपश्चात जिला महामंत्री आशीष बागरी के निज निवास बस स्टैंड में वैदिक मंत्रोच्चार,ढोल नगाड़ों एवं



फूल मालाओं के साथ जेसीबी मशीन के द्वारा पुष्पवर्षा की गई। इसके बाद ऋषभ गर्ग- युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्रनगर के निवास पर शाल-श्रीफल भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। यात्रा का अंतिम पड़ाव देवेंद्रनगर के मिलन वाटिका में रहा, जहां ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिलन कुशवाहा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता बुद्ध सिंह गौर ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की और अजय सिंह राहुल भैया से मुलाकात की। इस अवसर पर चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल भैया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बुंदेलखंड समन्वय यात्रा का उद्देश्य पार्टी के उन कार्यकर्ताओं को फिर से सक्रिय करना है जो लंबे समय से घर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि ग्वालियर-चंबल के बाद अब बुंदेलखंड में भी संगठन को मजबूत करने का काम किया गया है और आने वाले समय में अन्य क्षेत्रों में भी यात्रा जारी रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि ढाई साल बाद होने वाले चुनाव को ध्यान में रखते हुए अभी से संगठन को मजबूत करें और पूरी ताकत के साथ संघर्ष के लिए तैयार रहें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता में एक जुटता और उत्साह देखने को मिला इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## खड़ी और कटी फसलें बिछीं, गेहूं को सबसे ज्यादा नुकसान

# बेमौसम बारिश और आंधी ने मचाई तबाही

**छतरपुर।** शुक्रवार की देर शाम छतरपुर जिले में आई तेज बारिश और आंधी ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। जिले भर में खड़ी फसलें और खेतों में कटकर रखी गई फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। कई जगहों पर फसलें खेत में बिछ गईं जबकि कटी हुई फसलें भीगकर खराब होने लगी हैं। किसानों का कहना है कि बेमौसम बारिश ने उनकी उम्मीदों पर करारा प्रहार किया है।



किसान विकास मिश्रा ने बताया कि अभी फसलों को घर लाने का समय चल रहा था। जिन किसानों की फसलें पककर खेतों में खड़ी थीं, वे बारिश और आंधी के कारण ढेर हो गईं। जिनकी फसलें कटकर खेत में रखी हुई थीं, वे भी पूरी तरह भीग गईं। इस बार फसल अच्छी होने की काफी उम्मीद थी लेकिन बीते रोज की बारिश ने सब कुछ बर्बाद कर दिया। किसानों का अनुमान है कि इस नुकसान से उनकी फसल में 20 से 30 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। सबसे ज्यादा नुकसान गेहूं की फसल को हुआ है। कई इलाकों में ओलावृष्टि की भी खबरें आई हैं जिससे फसलों की स्थिति और भी खराब हो गई है। बेमौसम बारिश को किसान अपनी मेहनत के लिए बहुत हानिकारक बता रहे हैं। अभी तक ज्यादातर किसान फसल कटाई और मड़ाई के काम में लगे हुए थे लेकिन इस अचानक मौसम ने उनकी सारी तैयारियों पर ग्रहण लगा दिया। किसान अब प्रशासन से फसल बीमा और मुआवजे की मांग कर रहे हैं ताकि इस नुकसान से कुछ राहत मिल सके।

**खबर संक्षेप**

## चार सरकारी विद्यालयों से बदमाशों ने पार कर दिये 11 सिलेण्डर

**हरिभूमि न्यूज: कटनी**

अभी तक तो चोर बदमाश सोने चांदी के आभूषण, रूपया सहित अन्य घरेलू कीमती सामग्री ही चोरी करते थे लेकिन अब गैस सिलेण्डरों की भी चोरी शुरू कर दी है। मौजूदा समय में गैस सिलेण्डर पाने के लिए लोगों को घंटों की फजीहत हो रही है। कालाबाजारी एवं जमाखोरी रोकने के लिए प्रशासनिक स्तर पर टीम गठित कर गैस एजेंसियों एवं गोदामों का निरीक्षण किया जा रहा है। बीते करीब एक सप्ताह के भीतर बड़वारा थाना क्षेत्र के सरकारी स्कूलों से ताला तोड़कर बदमाशों ने गैस सिलेण्डर ही चोरी कर लिये। बड़वारा क्षेत्र के चार सरकारी स्कूलों के ताले तोड़कर मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) के लिए रखे सिलेंडरों पर हाथ साफ किया है। शासकीय माध्यमिक शाला, भजिया से 4 भरे हुए गैस सिलेंडर चोरी हुए हैं। भजिया कन्या शाला में भी उसी रात यहां से 1 सिलेंडर पार कर दिया गया। शासकीय माध्यमिक शाला परसेल से 3 सिलेंडर चोरी होने की जानकारी सामने आई है। शासकीय माध्यमिक विद्यालय पनसोखर से भी 3 सिलेंडर चोरी होने की सूचना सामने आई है।

## विजयराघवगढ़ में पेयजल आपूर्ति की समीक्षा कर दिये निर्देश

**कटनी।** विजयराघवगढ़ में पेयजल संकट को देखते हुए एसडीएम विजयराघवगढ़ द्वारा पीएचई विभाग, जनपद सीईओ और तहसीलदारों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। साथ ही संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए। ताकि गर्मी के मौसम में आमजन को पानी की किल्लत न हो।

## शुक्ल पिपरिया में नल-जल योजना ठप, ग्रामीण परेशान

**उमरियापान।** शुक्ल पिपरिया गांव में गर्मी की शुरुआत के साथ ही गांव के ग्रामीणों को पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि शासन की नल-जल योजना के तहत गांव में पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए बोरिंग कराई गई थी, ताकि हर घर तक पानी पहुंच सके। लेकिन बोरिंग कार्य के बाद ठेकेदार द्वारा पाइपलाइन कनेक्शन नहीं किया गया, जिसके चलते योजना अधूरी रह गई और पानी की सप्लाई शुरू ही नहीं हो सकी। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के कई हिस्सों में पाइन लाइन कनेक्शन के सड़क खोदी गई।अब भी सड़क खुदी पड़ी है। बच्चों और बुजुर्गों को आवागमन में परेशान होना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि सरकारी योजना फेल होने से हैंडपंपों और जिनके घरों में बोरिंग हैं उनके यहाँ से पानी भरना पड़ता है। ग्रामीणों ने पाइप लाइन कनेक्शन करने की मांग की है।

## लापरवाही बरतने पर उप स्वच्छता-पर्यवेक्षक निलंबित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी**

नगर को स्वच्छ, सुंदर बनाने और आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण मे उत्कृष्ट रैंक हासिल करने हेतु निगम प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों के निर्वहन में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के कृत्य को अनुशासनहीनता की श्रेणी में मानते हुए निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने म.प्र.सिविल सेवा नियमों के तहत कार्यवाही करते हुए गुरूनानक वार्ड के उप स्वच्छता पर्यवेक्षक रतन परिहार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान उप स्वच्छता पर्यवेक्षक श्री परिहार को स्वास्थ्य विभाग के कक्ष क्रमांक 36 में संलग्न किया गया है इस दौरान इन्हे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। निलंबन अवधि के फलस्वरूप गुरूनानक वार्ड की साफ- सफाई व्यवस्था का दायित्व मोहम्मद इशहाक अरशद उप-स्वच्छता पर्यवेक्षक को सौंपा गया है।

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में रिक्त पदों में भर्ती की कार्यवाही तेजी से करें - डिप्टी सीएम

## उप मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मेडिकल कॉलेज की सामान्य सभा की बैठक संपन्न

रीवा ।

उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल की अध्यक्षता में श्यामशाह मेडिकल कॉलेज की सामान्य सभा की बैठक मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में चिकित्सा सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में 13 किडनी ट्रांसप्लांट और 36 ओपन हार्ट सर्जरी के सफल ऑपरेशन होना यहां के लिए बड़ी उपलब्धि है। संचालक चिकित्सा शिक्षा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में रिक्त पदों में भर्ती की प्रक्रिया तेज करें। जिससे यहाँ नये विभागों में कार्य शुरू हो सके। डीन सुपर स्पेशलिटी के डॉक्टरों को आयुष्मान योजना की शेष बची प्रोत्साहन राशि का तत्काल वितरण करायें। डॉक्टरों के लिए दो माह में आधुनिक आवास भी उपलब्ध हो जायेंगे। कैंसर यूनिट भवन का निर्माण पूरा होते ही दो माह में कैंसर के उपचार की आधुनिक सुविधा उपलब्ध हो जायेगी। कैंसर के उपचार के लिए लीनेक और पेट स्केन मशीन शीघ्र स्थापित हो जायेगी। कैंसर अस्पताल में 200 बेड में भर्ती की सुविधा मिलेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रदेश की




प्रथम डिजिटल लाइब्रोरी का शुभारंभ किया गया है। इसमें पाँच हजार किताबें डिजिटली उपलब्ध है। एक किताब को कई विद्यार्थी एक साथ पढ़ सकते हैं। इसके लॉगिन पासवर्ड से किताबों को डाउनलोड करने की भी सुविधा रहेगी। मेडिकल के विद्यार्थी घर से भी इसका लाभ उठा सकते हैं। इसमें 4 लाख प्रश्न और उत्तर भी उपलब्ध है। मेडिकल एजुकेशन के लिए यह रीवा की बड़ी उपलब्धि है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वीकृत निर्माण कार्य तेजी से पूरा करायें। मेडिकल कॉलेज में 250 सीटों के अनुसार क्लासरूम छात्रावास तथा स्टाफ की व्यवस्था करें। रीवा में प्रदेश का दूसरा शासकीय डेंटल कॉलेज खुलने जा रहा है। इसके भवन निर्माण के लिए 36 करोड़ रूपये मंजूर हो गये हैं। डीन मेडिकल कॉलेज इस वर्ष विभिन्न कार्यों के लंबित बिलों का तत्काल भुगतान करायें। कार्यपालन यंत्री को ट्रांसफार्मर सुधार की राशि का भी तत्काल भुगतान करें। नगर निगम को भी 25 लाख रूपये के सेवा कर का भुगतान करायें। मेडिकल कॉलेज स्वशासी संस्थान है। इसे आवश्यक व्यवस्थाओं तथा अधोसंरचना के विकास एवं मेंटेनेश के लिए शासन स्तर से पृथक से राशि देने का प्रयास किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने अधीक्षक संजय गांधी हॉस्पिटल को अस्पताल में साफ-सफाई शौचालयों में सुधार और प्रवेश कक्ष की साज-सज्जा के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि संजय गांधी अस्पताल और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के खाली पदों को भरने के विशेष प्रयास करें। वित्तीय प्रबंधन तथा वैन पंजीयन में लापरवाही बरतने वालों पर कार्यवाही करें। बैठक में विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के खुलने से गंभीर रोगियों का बाहर जाना बहुत घट गया है। इस अस्पताल की सेवाओं में विस्तार करें। बैठक में संचालक चिकित्सा शिक्षा अरूणा कुमार ने कहा कि सामान्य सभा में पारित प्रस्ताओं तथा दिए गये निर्देशों का एक माह में पूरी तरह से पालन कराया जायेगा। लंबित बिलों के भुगतान, भर्ती प्रक्रिया को अधिक सरल बनाने तथा मेडिकल कॉलेज के लिए वित्त पोषण के लिए आवश्यक हुआ तो नियमों में भी परिवर्तन किया जायेगा। बैठक में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. सुनील अग्रवाल ने विभिन्न कार्यों, आय व्यय और गत बैठक के निर्णय पर कार्यवाही की जानकारी दी। बैठक में पूर्व डीन डॉ. एपी.एस. गहरवार, डॉ. आनंद सिंह, अधीक्षक संजय गांधी हॉस्पिटल डॉ. राहुल मिश्रा, अधीक्षक सुपर स्पेशलिटी डॉ. अक्षय श्रीवास्तव, डॉ. प्रियंक शर्मा, एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी सामान्य सभा के सभी सदस्य तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## उद्यानिकी फसलों की प्राकृतिक खेती की बगिया से कृषि सखी स्वयं एवं महिलाओं को कर रही हैं आत्मनिर्भर

**रीवा ।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन मे आत्मा परियोजना के तकनिकी दल द्वारा भ्रमण का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना है जिसका क्रियान्वयन आत्मा परियोजना द्वारा विकास खंड गंगेव के प्राकृतिक खेती कलस्टर खरहरी अंतर्गत बेलवाबड़गयान, बेलवा कुर्मीयान, खरहरी ग्राम पंचायत मे किया जा रहा है। इसका उद्देश्य कलस्टर ग्रामो में रसायन-मुक्त और टिकाऊ खेती को बढ़ावा देना है साथ ही परिवार के लिए पौष्टिक भोजन और किसानों की लागत कम करना है। श्रीमती सुनीता प्रजापति जो ग्राम बेलवाबड़गयान विकास खंड गंगेव की कृषि सखी है वह प्राकृतिक खेती अंतर्गत सब्जियों की पोषण वाटिका मे फूलगोभी, पत्तागोभी, टमाटर, मिर्च, पालक, भिंडी की जैविक खेती कर रही हैं एवं उद्यानिकी फसलों में आम के 100 पौधे का रोपण कर एक बगिया माँ के नाम योजनान्तर्गत कर जैविक खाद से पोषक तत्वों से पूर्ति की हैं साथ ही पशुपालन अंतर्गत देशी गाय एवं बकरी भी पाली हैं जिससे गोबर और गौ-मूत्र की प्राप्ति होता है। भ्रमण कार्यक्रम मे विपिन तिवारी, मुकेश, गेन्दलाल प्रजापति, आशा प्रजापति, श्रीमती प्रेमा प्रजापति एवं अन्य पंजीकृत कृषको एवं महिलाओ की उपस्थिति रही। जो स्वयं भी आत्मनिर्भर हो रही हैं।

# नशीली कैप्सूल के साथ युवक गिरफ्तार रायपुर कर्चुलियान पुलिस की कार्रवाई

**रीवा।** जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रायपुर कर्चुलियान पुलिस को सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने नशीली कैप्सूल बेचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं जब्त की हैं।पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान के निर्देशन में जिलेभर में नशे के कारोबार पर सख्ती बरती जा रही है। इसी क्रम में थाना रायपुर कर्चुलियान थाना पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया। इस संबंध में डीएसपी मुख्यालय उदित मिश्रा ने बताया कि थाना प्रभारी राजकुमार तिवारी के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश दी। पुलिस के अनुसार, ग्राम महसुआ ओवरब्रिज के नीचे एक युवक संदिग्ध अवस्था में खड़ा था, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया।



पूछताछ में उसकी पहचान नागेंद्र कुमार सेन (24) निवासी बरेही, थाना रायपुर कर्चुलियान के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से 19 पत्तों में कुल 152 नशीली कैप्सूल बरामद की गईं।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का विरोध, 50 से अधिक मकान जमींदोज

## नीम चौराहे में अतिक्रमण हटाने के लिए दूसरे दिन भी चली प्रशासन की बुलडोजर

**रीवा।** शहर में अतिक्रमण के खिलाफ जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रही। नीम चौराहे के समीप बोदाबाग क्षेत्र में करीब 2 एकड़ शासकीय भूमि पर बने 50 से अधिक मकानों को बुलडोजर से गिराया गया।

इस दौरान वर्षों से रह रहे लगभग 50 परिवारों में आक्रोश देखा गया और उन्होंने कार्रवाई का विरोध भी किया। प्रशासन की टीम जब मौके पर पहुंची तो प्रभावित लोगों और अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। बताया जा रहा है कि एक व्यक्ति और तहसीलदार के बीच बहस का माहौल बन गया, हालांकि भारी पुलिस बल की मौजूदगी में स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया और कार्रवाई जारी रखी गई।स्थानीय लोगों का कहना है कि वे पिछले 70-80 वर्षों से यहां निवास कर रहे हैं। उनका आरोप है कि प्रशासन द्वारा उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था दिए बिना बेदखल किया जा रहा है। प्रभावित परिवारों की मांग है कि पहले उन्हें शहर के भीतर ही पुनर्वास की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए, उसके बाद ही हटाने की कार्रवाई की जाए।वहीं प्रशासन का कहना है कि संबंधित भूमि शासकीय है और इस पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण किया गया था। अधिकारियों के अनुसार, सभी अतिक्रमणकारियों को एक माह पूर्व बेदखली नोटिस जारी कर दिया गया था, जिसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस पूरे मामले की पृष्ठभूमि में एक याचिका भी शामिल है। जानकारी के अनुसार, याचिकाकर्ता रामानुज पाण्डेय द्वारा उच्च न्यायालय में शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए याचिका दायर की गई थी। न्यायालय ने वैधानिक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए थे, जिसके पालन में यह अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि खाली कराई जा रही इस भूमि पर नगर निगम द्वारा फायर ब्रिगेड स्टेशन और टावर निर्माण का प्रस्ताव है, जिससे शहर की आपात सेवाओं को मजबूती मिलेगी।मौके पर नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में तैनात रहे।

# रात को गरज-चमक के साथ तेज बारिश, किसानों की बढ़ी चिंता, 26 घंटे में 12 डिग्री सेल्सियस नीचे आया तापमान

### महसूस होने लगी हल्की गलन के साथ ठंड

**रीवा।** उत्तर पश्चिम मध्यप्रदेश में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन (हवा में चक्रवात) और ट्रफ लाइन (द्रोणिका) के कारण रीवा जिले के मौसम 24 घंटे के अंदर काफी बदल गया है। दिन के तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम का बदलाव शुक्रवार की सुबह तेज हवाओं के बीच बूंदाबांदी के साथ सामने आया। दिनभर मौसम खुशनुमा बना रहा। शाम होते ही मौसम में फिर बदलाव नजर आने लगा और आसमान में बादल छाने लगे। 9 बजे तक हल्की हवाओं के बीच गरज-चमक के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। शनिवार को जहां दिन में सूरज आंख मिचोली का खेल खेलते रहा, वही शाम होते ही हल्की गैलन के साथ लोगों को ठंड महसूस हुई। मौसम कार्यालय के अनुसार यह स्थिति एक दो दिन बनी रहेगी। इसके बाद मौसम सामान्य हो जाएगा। हालांकि बंगाल में मजबूत पश्चिमी विक्षोभ बनता दिख रहा है जिसके 26



मार्च को सक्रिय होने से एक बार फिर मौसम खराब होने के आसार है। आज को पश्चिमी विक्षोभ की वजह से कुछ मोसम खराब हो सकता है लेकिन ज्यादा प्रभावी नहीं रहेगा। लेकिन 26 को स्ट्रांग पश्चिमी विक्षोभ की वजह से मौसम बिगड़ सकता है। बता दे शुक्रवार की भोर से मौसम में तेजी से बदलाव दर्ज किया। लगभग साढ़े 5 बजे से हवाओं की गति तेज होने लगी और देखते ही देखती इसकी गति 60 किलोमीटर प्रतिघंटे तक पहुंच गई। इसके साथ ही बूंदाबांदी का भी दौर शुरू हो गया। 8 बजे तक छिटपुट बूंदाबांदी जारी रही। इसके बाद 12 बजे तक रुक-रुक कर हल्की बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। देर शाम से फिर से मौसम खराब होने लगा। रात 9 बजे के सतना और मैहर जिले में बारिश की शुरुआत हो गई। तेज बारिश का दौर मैहर जिले की ओर से शुरू हुआ जो बढ़ते हुए रीवा जिले तक पहुंचा। यह तेज बारिश शुक्रवार0रात 120बजे तक जारी रही किसानों को परेशानी पर बलसुबह की हल्की बारिश के साथ ही किसानों की परेशानी पर बल पड़ गए थे। लेकिन शुक्रवार दोपहर जिस तरीके से खिली धूप निकली तो उनकी चिंता की लकीरें कुछ कम हुई। शाम से मौसम करवट बदलने लगा और रात को बारिश का दौर शुरू हुआ है तो एक बार फिर किसान की चिंता बढ़ गई है। ज्यादातर खेतों में गेहूं पकने की कगार पर है ऐसे में अगर बारिश के साथ तेज हवा आती है तो फसल को काफी नुकसान होगा। मौजूद स्थिति में नुकसान की स्थिति नहीं बनी है।

# चोरहटा रानीतालाब मेड़ से 17 परिवारों का विस्थापन, वैकल्पिक भूखंड आवंटित

**रीवा।** नगर निगम प्रशासन ने शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए शनिवार, को वार्ड क्रमांक 4 चोरहटा स्थित रानीतालाब मेड़ पर बसे 17 परिवारों को विस्थापित कर दिया। यह कार्रवाई निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर की गई, जिसके तहत संबंधित परिवारों को पूर्व में ही वैकल्पिक भूखंड आवंटित किए जा चुके थे। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर यहां बने कच्चे एवं पक्के मकानों को हटाया और सभी प्रभावित परिवारों को उनके आवंटित भूखंडों पर



स्थानांतरित किया। प्रशासन द्वारा विस्थापित हितग्राहियों के लिए अस्थायी निवास की व्यवस्था भी की गई, प्रभावित परिवारों के दैनिक जीवन पर असर को देखते हुए उनके सामान को सुरक्षित रूप से नए स्थान तक पहुंचाने और व्यवस्थित करने का कार्य भी निगम अमले द्वारा किया गया। विस्थापित किए गए परिवारों में शांति कोल, उमेश कोल, रज्जन कोल, गोलू कोल, विश्राम कोल, सचिन कोल, रंगू कोल, ममता कोल, अजय कोल, भूरा कोल सहित अन्य हितग्राही शामिल हैं। सभी को नियमानुसार भूखंड आवंटन की प्रक्रिया के तहत पुनर्वासित किया गया।इस पूरी कार्रवाई के दौरान सहायक यंत्री राजेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में अतिक्रमण दस्ता मौजूद रहा।

# आज भी खुले रहेंगे नगर निगम एवं सभी जोन कार्यालय, बकाया कर जमा करने एवं राजस्व संग्रहण पर विशेष जोर

रीवा। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति हेतु नगर निगम द्वारा विशेष राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार रविवार को सभी जोन कार्यालय एवं निगम कार्यालय नियमित रूप से कार्य करेंगे।रविवार को विशेष कर संग्रहण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

गौरतलब है कि यह निर्णय वित्तीय वर्ष 2025-26 के राजस्व संग्रहण एवं समापन प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। निगम आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी-कर्मचारी मुख्यालय पर उपस्थित रहेंगे, जिससे करदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा लंबित करों का त्वरित निराकरण किया जा सके।उल्लेखनीय है कि शहर के करदाताओं के पास बकाया कर 31 मार्च 2026 तक जमा कर अधिभार से बचने के लिए अब मात्र 10 दिन शेष हैं। 1 अप्रैल 2026 से समस्त बकाया करों की राशि पर दोगुना प्रभाव लागू हो जाएगा। निगम आयुक्त द्वारा लगातार करदाताओं से अपील की जा रही है कि वे 31 मार्च तक अपने सभी बकाया करों का भुगतान कर अधिभार एवं अप्रिय कार्यवाही से बचें। उन्होंने बताया कि नियत तिथि के पश्चात शासन के प्रावधानों के अनुसार बकाया राशि पर अधिभार लगाया जाएगा। रीवा नगर के समस्त स्वयं के आवासीय भवनों पर वर्ष 2025-26 के संपत्ति कर में 50 प्रतिशत की छूट 31 मार्च 2026 तक ही प्रभावी रहेगी। इसके पश्चात यह छूट समाप्त हो जाएगी तथा 12 प्रतिशत अधिभार देय होगा। साथ ही जिन भवन स्वामियों द्वारा वर्ष 2024-25 तक का संपत्तिकर जमा नहीं किया गया है, उन्हें शीघ्र भुगतान करने की सलाह दी गई है, अन्यथा उनके भवन/प्रतिष्ठानों पर तालाबंदी/कुर्की की कार्यवाही की जा सकती है।

# अड़गड़नाथ मंदिर में जिला विकास संघर्ष परिषद द्वारा धार्मिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मऊगंज।** जिले के प्राचीन अड़गड़नाथ (पहाड़ी धनीराम) में जिला विकास संघर्ष परिषद द्वारा नव संवत्सर नवरात्रि के पावन अवसर पर धार्मिक आयोजन किया गया है। जिसकी शुरूआत भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती, बजरंगबली, एंव खाटू श्यामजी के स्थित मंदिरों मे पूजा अर्चना से हुई। पूजा उपरांत श्री रामचरित मानस के सुंदरकांड के गायन का आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट गायक जनार्दन प्रसाद पाण्डेय अधिवक्ता, लालजी गिरी, शैलेन्द्र मिश्रा लालजी, अधिवक्ता शान्तनु विश्वकर्मा, रावेन्द्र दुबे, अभिलाष सोनी, रमेश कुमार मिश्रा डिघौल, शैलेन्द्र मिश्रा मझिगवां के साथ बड़े ही मनमोहक अंदाज में गायन पाठ हुआ। तद्उपरांत अभिलाष सोनी मऊगंज द्वारा भजन प्रस्तुत किये गये। रामायण आरती के उपरांत फाग कलाकारों महेन्द्र मिश्रा अधिवक्ता मझिगवां, लालजी गिरी, रावेन्द्र दुबे, शैलेन्द्र मिश्रा, बुद्धसेन व साथी कलाकरों ने फगुआ का भी गायन मंदिर परिसर में कर आये हुये लोगों को आनंदित किया। कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ समाजसेवी भोला भारती सेमरिया द्वारा आये हुये लोगों को अभिनंदन किया गया। साथ ही आयोजन के समापन के पूर्व सभी भक्तजनों को भण्डारे का प्रसाद उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम के आयोजक जिला विकास संघर्ष परिसद के संयोजक अधिवक्ता संतोष मिश्रा



ने आयोजन में शामिल सभी वरिष्ठजनों व सहयोगियों के भागीदारी के प्रति उनका साधुवाद करते हुये कहा कि, ऐसे आयोजन जिले भर में कर सामाजिक समरसता व सनातन धर्म के उत्थान व संदेश को पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। जिसमें सभी लोगों की भागीदारी से आयोजन सफल होते चले आ रहे हैं व भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के लिये आमजन से उनकी भागीदारी किये जाने का आग्रह किया। आयोजन में प्रमुख रूप से वरिष्ठ साहित्यकार व पूर्व प्राचार्य रामनिश्चय मिश्रा, देवेन्द्र मिश्रा डिघौल, भोला भारती सेमरिया, महेन्द्र मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता संतोष अवधिया बबलू, अखिलेश श्रीवास्तव राजू, विनोद पयासी ढेरा, ओमप्रकाश तिवारी,दिलीप तिवारी अधिवक्ता केशरी प्रसाद पाण्डेय, अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष कृष्णेन्द्र तिवारी, रवीकांत पाण्डेय पकरा, भोलेन्द्र पाण्डेय, सुरेश तिवारी, घनश्याम गिरी, प्रकाश मिश्रा मऊगंज, अशोक सिंह, यज्ञसेन विश्वकर्मा, अधिवक्ता रघुनंदन मिश्रा, सरपंच हरि प्रसाद पटेल ऊंची सहित बड़ी संख्या में लोगों ने आयोजन में भागीदारी निभाकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन में शामिल सभी लोगों के प्रति अधिवक्ता संतोष मिश्रा ने आभार ज्ञापित किया।

# वैश्य महासम्मेलन के स्थापना दिवस पर में भव्य बाइक रैली का हुआ आयोजन

**मऊगंज।** वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर शहर में भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में वैश्य समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान "वैश्य एकता जिंदाबाद" के नारों से पूरा शहर गूंज उठा।यह बाइक रैली केसरी मोटर्स टीवीएस एजेंसी से प्रारंभ होकर शहीद केदारनाथ महाविद्यालय पहुंची, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ।कार्यक्रम में जिला प्रभारी डॉ. प्रमोद गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि आने वाले समय में मऊगंज जिले का संगठन और अधिक सशक्त एवं मजबूत बनेगा। व्यापारी संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने सभी व्यापारियों से आह्वान किया कि वे एकजुटता के साथ हर कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें, चाहे वह वैश्य समाज का हो या व्यापारी संघ का।जिला अध्यक्ष सुलेन्द्र कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि वे आने वाले समय में मऊगंज जिले के प्रत्येक पंचायत में प्रवास कर वैश्य समाज के कार्यकर्ताओं को खड़ा करेंगे और उनकी हर संभव मदद करेंगे।इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ. प्रमोद गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, व्यापारी संघ उपाध्यक्ष एवं पार्षद वार्ड क्रमांक 4 बृजेश सोनी, पार्षद वार्ड क्रमांक 8 राजेश सर्राफ, शंकर केसरी, राजेश अलमारी, जवाहरलाल



गुप्ता, विमल केसरी, जितेंद्र गुप्ता, विनोद गुप्ता, रामायण गुप्ता, उमा गुप्ता, अवध शरण, गोविंद गुप्ता, अमित गुप्ता, लवकुश गुप्ता, श्रीनिवास त्रिपाठी, प्रदीप केसरी, श्रीकांत गुप्ता, अशोक गुप्ता, मुकेश अवधिया, आनंद सोनी, मनीष पटेल, शंकर लाल गुप्ता, सीताराम गुप्ता, संजय गुप्ता, निलेश गुप्ता, मनोज गुप्ता, पप्पू गुप्ता, मानिक लाल गुप्ता, भूषण गुप्ता, शिवदयाल गुप्ता, नीरज श्रीवास्तव, राजेंद्र गुप्ता, मोहित गुप्ता, उमेश चौरसिया, अशोक चौरसिया, छुग्गू गुप्ता सहित सैकड़ों वैश्य समाज के कार्यकर्ता बाइक रैली में शामिल हुए।